देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 114 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...विधायिका के अधिकार



देहरादून, शनिवार, 1 अगस्त 2020

# पेज थ्री



मौसम अधिकतम 29.0° न्यूनतम 23.0° | 37606.89 | 2 चीनी राजदूत ने ओली पर साधी चुप्पी | 7 नहीं जान सकते धोनी के मन की बात

# कोरोना की डराने वाली रफ्तार

## पिछले 24 घंटे में देश में कोरोना के 55 हजार नए केस

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। देश में शुक्रवार को कोविड-19 के सबसे अधिक 55,078 मामले सामने आने के बाद इस बीमारी के कुल मरीजों की संख्या 16 लाख के पार पहुंच गई। महज दो दिन में कोरोना के 1 लाख केस सामने आए हैं। इससे दो दिन पहले देश में संक्रमण के 15 लाख मामले थे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के डेटा के मुताबिक स्वस्थ होने वालों की संख्या भी बढ़कर 10,57,805 हो गई है। देश में अब भी 5,45,318 लोग संक्रमण की चपेट में हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के डेटा के अनुसार, कोरोना वायरस संक्रमण के अब तक 16,38,870 मामले सामने आए हैं। वहीं पिछले 24 घंटों में 779 और लोगों की मौत होने के बाद मृतक संख्या 35,747 हो गई है। यह लगातार दूसरा दिन है जब 50,000 से अधिक कोविड-19 के मामले सामने आए हैं। संक्रमण के कुल मामलों में विदेशी नागरिक भी शामिल हैं। कोविड-19 के रेकॉर्ड केसेज के बीच एक अच्छी खबर है। अबतक दो-तिहाई कोरोना मरीज ठीक होकर घर जा चुके हैं। ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स की मीटिंग में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिछले 24 घंटों में कोविड-19 से रिकवर हो चुके मरीजों का आंकड़ा 10 लाख पार कर गया है। आज की तारीख में 10,57,805 लोग कोरोना मुक्त हो चुके हैं। देश में कुल 16,38,870 मामले हैं। हर्षवर्धन के मुताबिक, भारत का रिकवरी रेट बेहतर होकर 64.54 प्रतिशत हो गया है। फैटलिटी रेट में भी गिरावट दर्ज की जा रही है। इस बीमारी से मृत्यु दर घटकर 2.18 प्रतिशत हो गई है।

**क्रिटिकल केसेज की संख्या कम** देश में 0.27 प्रतिशत मरीज ऐसे हैं जो वेंटिलेटर पर थे, 1.58 प्रतिशत आईसीयू में एडमिट हैं। 2.28 फीसदी मरीजों को किसी तरह के ऑक्सिजन सपोर्ट की जरूरत पड़ रही है।

**डबलिंग रेट भी बढ़ाः** हर्षवर्धन ने कहा कि भारत में कोरोना के मामले 21 दिन में डबल हो रहे हैं। जून के महीने में डबलिंग रेट 10-12 दिन के बीच था। संक्रमण से अब तक हुई 35,747 मौत में, महाराष्ट्र में सबसे अधिक 14,728 लोगों की मौत हुई है। इसके बाद दिल्ली में 3,936 लोगों की मौत हुई है।

■देश में कोरोना का रिकवरी रेट 64.54 प्रतिशत



**अब रोज हो रहे लाखों टेस्ट**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने टेस्टिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर में सुधार की बात करते हुए कहा कि पिछले 24 घंटों में 6.42 लाख से ज्यादा सैंपल्स टेस्ट किए गए हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने दावा किया कि पिछले एक महीने में देशभर में करीब एक करोड़ टेस्ट हुए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक निर्माण भवन में हुई। इसमें विदेश मंत्री एस जयशंकर और नागरिक उड्डयन मंत्री हरदीप सिंह पुरी भी शामिल हुए।

**रिकवरी रेट सुधरा**

भारत का रिकवरी रेट लगातार बेहतर हो रहा है। जुलाई के आखिरी हफ्ते में रेकॉर्ड संख्या में रिकवरी दर्ज की जा रही हैं। फिलहाल भारत में 5,45,318 ऐक्टिव केस हैं जो रिकवर्ड केसेज का लगभग आधा हैं।

**10 लाख लोग हो चुके ठीक** कोरोना के खिलाफ लड़ाई जीतने वाले लोगों की संख्या 10 लाख का आंकड़ा पार कर गई है। पिछले 24 घंटों में 37 हजार से ज्यादा लोग ठीक होकर अपने घर लौटे हैं।

# बड़ी वारदात की कोशिश में आतंकी

## डीजीपी दिलबाग सिंह ने सुरक्षाबलों को किया अलर्ट

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

श्रीनगर। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) दिलबाग सिंह ने सुरक्षाबलों को अगले पखवाड़े के दौरान किसी आपात स्थिति से निपटने के लिए अलर्ट रहने का निर्देश दिया है। ईद, रक्षाबंधन, पांच अगस्त, स्वतंत्रता दिवस के दौरान आतंकी और अलगाववादी हालात बिगाड़ने व सनसनीखेज हिंसक वारदातों का अंजाम देने की हर मुमकिन कोशिश करेंगे।

पुलिस मुख्यालय में उच्चस्तरीय सुरक्षा बैठक में पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह ने कहा कि अगला पखवाड़ा त्योहारों और समारोहों वाला है। पाक और उसके एजेंट माहौल बिगाड़ने के लिए त्योहारों के समय पूरी कोशिश करते हैं। वह लोगों को भड़काने के लिए विभिन्न हथकंडे अपनाएंगे, इसलिए गश्ती दलों, नाका पार्टियां और आतंकरोधी अभियानों में शामिल जवानों के साथ-साथ कानून व्यवस्था बनाए रखने की ड्यूटी में शामिल जवानों को हालात के प्रति जागरूक बनाया जाए।

सभी अधिकारी इस बात को सुनिश्चित बनाएं कि ड्यूटी पर तैनात जवान हमेशा अलर्ट रहें। उनका हथियार उनके पास हो और वह बुलेट प्रूफ जैकेट व पटका पहने हुए हों। कानून व्यवस्था की स्थिति, आतंकी घटनाओं व अन्य संवेदनशील घटनाओं से जुड़े मामलों की रिकॉर्डिंग की जाए।

**सुरक्षा एजेंसियों को सराहा**

पुलिस महानिदेशक ने आतंकरोधी अभियानों के सफल संचालन और कानून व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने में पुलिस व अन्य संबंधित सुरक्षा एजेंसियों को सराहा। हमें लगातार सावधान रहना है, जरा सी लापरवाही पूरी मेहनत को बेकार कर देगी। सभी महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों, संवेदनशील स्थानों, धर्मस्थलों, सुरक्षा शिविरों की सुरक्षा कड़ी की जाए। पंचायत व निकाय प्रतिनिधियों और मुख्यधारा की सियासत से जुड़े लोगों की सुरक्षा के लिए उचित कदम उठाएं। उन्होंने सीसीटीवी से लैस बुलेट प्रूफ बंकरों के समुचित इस्तेमाल पर जोर दिया।

**भटक कर गुलाम कश्मीर पहुंचा किशोर छह माह बाद लौटा**

उत्तरी कश्मीर में नियंत्रण रेखा से सटे करनाह के चतकारी (कुपवाड़ा) गांव में बहन के घर जाते हुए भटक कर गुलाम कश्मीर जा पहुंचा 16 वर्षीय रईस अहमद छह माह बाद वीरवार को घर लौट आया।

# सुशांत के 15 करोड़ कहां? ईडी ने दर्ज किया केस

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

मुंबई। बॉलिवुड ऐक्टर सुशांत सिंह राजपूत की आत्महत्या के मामले में पिछले काफी दिनों से सीबीआई जांच की मांग चल रही है। हालांकि मामले में सीबीआई जांच तो नहीं हो सकी है लेकिन प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मामला दर्ज कर लिया है। प्रवर्तन निदेशालय ने यह कदम सुशांत के पिता केके सिंह की पटना में दर्ज कराई गई उस शिकायत के आधार पर लिया है जिसमें उन्होंने दावा किया था कि सुशांत के अकाउंट में 17 करोड़ रुपये थे जिसमें से 15 करोड़ रुपये का ट्रांजैक्शन हुआ है।

बता दें कि सुशांत की आत्महत्या के मामले में एक दिन पहले ही प्रवर्तन निदेशालय ने पटना पुलिस से केके सिंह की एफआईआर की एक कॉपी मांगी थी। ईडी धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत संभावित जांच पर गौर कर रहा है। निदेशालय अपनी जांच में यह पता चलाएगा कि कहीं सुशांत के पैसे का दुरुपयोग तो नहीं किया गया है।

**सुशांत केस**

**मुंबई पुलिस नहीं कर रही है मदद**

बिहार सरकार के ऐडवोकेट जनरल ललित किशोर ने कहा कि जब एक राज्य की पुलिस दूसरे राज्य में जांच के लिए जाती है तो उसे मदद की जाती है। लेकिन यहां दुर्भाग्य से मुंबई पुलिस मामले की जांच में बिहार पुलिस की कोई मदद नहीं कर रही है। हालात इतने खराब हैं कि मुंबई पुलिस ने बिहार की टीम को एक गाड़ी तक उपलब्ध नहीं कराई है और टीम ऑटो में भटक रही है।

**रिया चक्रवर्ती की याचिका पर जवाब देंगे मुकुल रोहतगीः** सुशांत के पिता की शिकायत के बाद बिहार सरकार खुलकर इस केस में अपना सपोर्ट दे रही है। इस केस में रिया की याचिका का विरोध करने के लिए बिहार सरकार ने भारत सरकार के पूर्व अटॉर्नी जनरल मुकुल रोहतगी को नियुक्त किया है। बिहार के ऐडवोकेट जनरल ललित किशोर ने इस खबर को कन्फर्म किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### पंजाब के तीन जिलों में जहरीली शराब पीने से 30 लोगों की मौत

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

तरनतारन। पंजाब के कई जिलों में जहरीली शराब पीने से 30 लोगों की मौत हो गई। मरने वाले तरनतारन, अमृतसर और बटाला क्षेत्र के हैं। इससे पहले पांच लोगों की मौत हो गई थी। आज 25 और लोगों ने दम तोड़ दिया। इससे हड़कंप मच गया है। मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने पूरी मामले की जांच के आदेश दिए हैं। वीरवार को मारे गए पांच लोगों के परिजनों ने इस संबंध में पुलिस को बिना सूचना दिए शवों का अंतिम संस्कार कर दिया।

### एलजी ने केजरीवाल सरकार के फैसलों को किया खारिज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दिल्ली में एलजी अनिल बैजल बनाम सीएम अरविंद केजरीवाल के टकराव की ताजा कड़ी में अनलॉक-3 की गाइडलाइंस भी शामिल हो गई है। केजरीवाल सरकार की तरफ से अनलॉक-3 को लेकर लिए गए 2 बड़े फैसलों को एलजी ने खारिज कर दिए हैं। ये दोनों फैसले हैं- होटल खोलने और ट्रायल बेसिस पर एक हफ्ते के लिए साप्ताहिक बाजारों को खोलने की अनुमति। एक दिन पहले ही गुरुवार को दिल्ली सरकार ने अनलॉक-3 को लेकर अहम ऐलान किया था।

### फाइनल इयर एग्जाम पर रोक से सुको का इनकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कोविड-19 महामारी के बीच फाइनल इयर के एग्जाम्स सितंबर में कराने संबंधी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दिशानिर्देश रद्द करने के लिए दायर याचिका पर शुक्रवार को कोई भी अंतरिम आदेश देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने केन्द्र से कहा कि गृह मंत्रालय को इस विषय पर अपना रुख साफ करना चाहिए। यूजीसी ने शीर्ष अदालत से कहा कि किसी को भी इस गफलत में नहीं रहना चाहिए कि चूंकि उच्चतम न्यायालय इस मसले पर विचार कर रहा है तो अंतिम साल और सेमेस्टर की परीक्षा पर रोक लग जाएगी।

**Are you Planning to make a Website or already have ?**

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development** — All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding** — 1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries) 2. Social Media 3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation** — A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly. You tell us, we do it.

Contact:

**Gadoli Media Ventures**

Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930

E-Mail: contact@gadoli.in

# गहलोत खेमे के विधायक जैसलमेर शिफ्ट

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

राजस्थान में राजनीतिक घमासान का दौर थमता नहीं दिख रहा है। एक दिन पहले ही राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक बयान में कहा कि प्रदेश में विधायकों की खरीद-फरोख्त के रेट बढ़ गए हैं। जब से राज्यपाल कलराज मिश्र ने विधानसभा सत्र को हरी झंडी दी है तब से हॉर्स ट्रेडिंग में विधायकों के भाव बढ़ गए हैं। इस बीच गहलोत खेमे के सभी विधायकों को जयपुर से जैसलमेर शिफ्ट किया गया।

जयपुर से जैसलमेर के लिए रवाना हुए गहलोत गुट के विधायक जैसलमेर पहुंच गए हैं। विधायक जैसलमेर के सूर्यगढ़ पहुंचे हैं। चार्टर्ड प्लेन से ये विधायक जैसलमेर पहुंचे हैं।

**दावों के उलट**

जैसलमेर शिफ्टिंग दौरान महज 97 विधायक नजर आए

गहलोत गुट के अब तक के दावों की पोल खोल दी है। कभी 109, कभी 104 तो कभी 101 से ज्यादा विधायकों की बाड़ाबंदी के दावों के उलट शुक्रवार को जैसलमेर शिफ्टिंग दौरान महज 97 विधायक नजर आए।